डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल वेलचेरी, चेन्नई - 42

प्रतिवेदन - ओजोन दिवस समारोह- 2022- 2023

ओजोन परत के क्षरण और इसे सरंक्षित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने हेतु 16 सितंबर 1995 को पहली बार ओजोन दिवस मनाया गया था। पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों को बताने एवं मानवता को याद दिलाने के लिए 20 अक्तूबर 2022 को डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई में ओजोन दिवस मनाया गया। इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस 2022 का विषय 'पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करने वाला वैश्विक सहयोग' रहा।

रिदमिक माइम ओजोन दिवस के विषय पर छठी कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा एक माइम प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने अपने शानदार नाटकीय प्रदर्शन द्वारा यह संदेश दिया कि संसाधनों के उचित उपयोग से मानवता जलवायु परिवर्तन को धीमा कर सकती है और शीतलन क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा दे सकती है।'ओजोन रिक्तीकरण' विषय पर प्रस्तुति नाटक सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने की। उन्होंने ओजोन रिक्तीकरण के दौरान होने वाले वास्तविक परिणामों के बारे में जागरूक किया और बताया कि कैसे ओजोन पृथ्वी के वायुमंडल में एक सुरक्षात्मक परत है जो सूर्य से पृथ्वी तक पहुँचने वाले अधिकांश पराबैंगनी विकिरण को अवशोषित करती है। ओजोन की पीड़ा को आठवीं कक्षा की छात्रा ने कविता गायन विधा में व्यक्त करते हुए मानवजनित कारकों के परिणाम स्वरूप ओजोन रिक्तीकरण के कारण प्रकृति पर छाए संकट पर प्रकाश डाला। ओजोन क्षरण के कारणों और प्रभावों को दर्शाने हेतु कक्षा नवीं के विद्यार्थियों ने फाईटोप्लांकटन के बारे में ध्यान आकर्षित किया जो ओजोन परत की कमी से काफी प्रभावित है। वे जलीय जीवों के लिए भोजन है और डाइमिथाइल सल्फाइड नामक रसायन के उत्पादन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो बादलों के निर्माण में मदद करता है, पृथ्वी को ठंडा रखता है। दसवीं कक्षा के विद्यार्थी ने अपने भाषण में ओजोन दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और उत्साहवर्धक रहा।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल वेलचेरी, चेन्नई - 42

ओजोन दिवस - 2022 - 2023

संसाधन और जलवायु का उचित मेल दर्शाते हुए छात्रवृंद

ओजोन परत की महत्त्वता का मूक प्रस्तुतीकरण

ओजोन परत और जलीय जीवन के पारस्पारिक संबंध की गीतात्मक प्रस्तुति

ओजोन परत के क्षरण और सरंक्षण का अभिनयात्मक चित्रण